# गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद
# Guru Jambheshwar University, Moradabad
(A State University of Government of Uttar Pradesh)
*Contact* : 05912976525 *E-mail*: gjumoffice@gmail.com


पत्रांकः- गु0ज0वि0वि0/प्रशा/ए-1/2025/ 1623 दिनांकः- 27/08/2025

## कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय द्वारा M.Ed/LL.B/LL.M पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया लगभग पूरी करायी जा चुकी है। काउंसलिंग में अर्ह छात्रों को प्रतिभाग करने के लिए शुल्क रु0 2500/- निर्धारित किया गया था, जिसमें से रु0 500/- काउंसलिंग प्रभार तथा शेष रु0 2000/- महाविद्यालय की फीस में समायोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

काउंसलिंग प्रक्रिया समाप्त हो जाने के पश्चात् कतिपय छात्र ऐसे हैं जो काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित हुए और उनके द्वारा निर्धारित शुल्क रु0 2500/- का भुगतान किया गया था परन्तु वे किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश पाने में असफल रहें। ऐसे छात्रों को उनके द्वारा अदा किये गये निर्धारित शुल्क रु0 2500/- में से रु0 500/- का काउंसलिंग प्रभार को काट कर शेष रु0 2000/- का भुगतान किया जाना है।

इस हेतु संबंधित छात्रों को अपने बैंक खाते आदि का विवरण विश्वविद्यालय को निम्न प्रक्रिया के अनुसार उपलब्ध कराना होगा-

1. छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.gjumweb.in विजिट करनी होगी।
2. छात्र को अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि भरना होगा। छात्र के ई-मेल/मोबाइल न0 पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा। तदोपरांत छात्र को Account holder name, A/c no., IFSC Code, Bank name, Branch name Mob. No., पासबुक/चैकबुक कॉपी का विवरण भर कर सबमिट करना होगा।
3. उक्त प्रक्रिया छात्रों के द्वारा 05 सितम्बर 2025 तक पूर्ण कर ली जाए।
4. छात्र को उक्त प्रक्रिया में आने वाली किसी बाधा/ समस्या के निराकरण के लिए हेल्पलाईन नम्बर 9650454457/9650259553 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
5. वि0वि0 द्वारा संबंधित छात्रों को उनके बैंक खाते में ऑनलाइन माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

अतएव संबंधित महाविद्यालयों से भी अनुरोध है कि अपने स्तर से संबंधित छात्रों को सूचित करने का कष्ट करें। जिससे किसी भी छात्र को असुविधा न हो और उनके अवशेष राशि रु0 2000/- का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।

भवदीय

(गिरीश कुमार द्विवेदी)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति जी।
2. वित्त अधिकारी जी।
3. वैय0 सचिव, कुलसचिव।
4. संकाय अध्यक्ष विधि/ शिक्षा।
5. सम्पादक, दैनिक समाचार पत्रों को इस आशय से प्रेषित कि छात्र हित में उक्त को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाइल।

कुलसचिव